
दैनिक
# न्याय साक्षी



## महत्वपूर्ण एवं खास

### चोरी की बाइक के साथ पकड़ा गया आरोपी, घर में छिपा रखा था बाइक



**रायगढ़।** दिनांक 07/09/2021 के सुबह कापू पुलिस द्वारा मुखबिर सूचना पर मांझापारा में रहने वाले सुरेन्द्र नट के घर दबिश दिया गया। पुलिस को सूचना मिली थी कि सुरेन्द्र नट घर में चोरी की बाइक छिपाकर रखा है। पुलिस को संदेही के घर पर (1) एक हिरो होण्डा स्पलेण्डर बिना नम्बर ग्रे कलर (2) हीरो स्पलेण्डर प्रो बिना नम्बर ब्लू कलर का बरामद हुआ। आरोपी सुरेन्द्र नट पिता रामकुमार नट उम्र 30 वर्ष निवासी मांझापारा थाना कापू पर धारा 41(1+4) सीआरपीसी/ 379 आईपीसी की कार्रवाई कर रिमांड पर भेजा गया है। आरोपी पर पूर्व में भी चोरी के अपराध में कार्रवाई की गई है।

### जिले में 740.6 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज

**रायगढ़।** चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 8 सितम्बर तक 740.6 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 15.5 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 757.8 मिली मीटर, पुसौर में 839.8, खरसिया में 680, सारंगढ़ में 769.5, बरमकेला में 624, घरघोड़ा में 752.1, तमनार में 641.5, लैलूंगा में 770.3 तथा धरमजयगढ़ तहसील में 830 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### 25 पदों के लिए प्लेसमेंट कैंप का आयोजन

**दुर्ग (आरएनएस)।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र छत्तीसगढ़ के माध्यम से प्लेसमेंट कैंप का आयोजन शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था पुलगांव चौक दुर्ग में किया जाएगा। प्लेसमेंट कैंप में प्रोडक्शन इंजीनियर, फ्रेबिकेटस, वेल्डर, फिटर, हेल्पर और रिगर के विभिन्न पदों के लिए भर्ती का आयोजन किया जा रहा है। पदों के अनुसार वांछित अनुभव भी मांगा गया है। नियुक्ति का स्थान रायगढ़ निर्धारित किया गया है। इच्छुक उम्मीदवार समस्त दस्तावेजों के साथ दिनांक 16 सितंबर गुरूवार को प्रातः 11:00 बजे शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में उपस्थित हो सकते हैं।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सकों के 16 पदों पर होगी संविदा भर्ती

**कोरबा (आरएनएस)।** जिले के करतला कटघोरा, पाली, तथा पौड़ी उपरोड़ा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में विशेषज्ञ चिकित्सकों के 16 पदों पर संविदा भर्ती की जाएगी। संविदा भर्ती के लिए वॉक इन इंटरव्यू सी.एम.एच. ओ. कार्यालय में हर बुधवार को होगा। पीडिट्रिशियन के 03 पद, एम.डी. मेडिसिन के 03 पद, एनेस्थेटिस्ट के 03, आर्थोपेडिक के 03, सर्जन के 03 तथा रेडियोलॉजिस्ट के 01 पद पर वॉक इन इंटरव्यू होगा। डिग्री धारी विशेषज्ञ चिकित्सकों को डेढ़ लाख रुपये से ढाई लाख रुपये तक के वेतन दिया जाएगा। इसी प्रकार डिप्लोमाधारी चिकित्सकों को एक लाख 15 हजार रुपये से डेढ़ लाख रुपये तक वेतन दिए जाएंगे। वॉक इन इंटरव्यू हर बुधवार को सभी रिक्त पदों की भर्ती पूर्ण हो जाने तक आयोजित होंगे।

# योजनाओं के शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति के लिए करें समन्वित प्रयास- सांसद गोमती साय

**» सांसद की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक संपन्न**



**रायगढ़।** सांसद श्रीमती गोमती साय की अध्यक्षता में आज जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में सांसद श्रीमती गोमती साय ने कहा कि शासन द्वारा जो योजनाएं प्रारंभ की जाती है, उससे लोगों को लाभान्वित करने का दायित्व प्रशासन का होता है। अतः पूरी गंभीरता से योजनाओं का क्रियान्वयन करें और शत-प्रतिशत लक्ष्य की प्राप्ति के लिए समन्वित प्रयास करें ताकि अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचे।

सांसद श्रीमती साय ने बैठक में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना की प्रगति तथा पिछले वर्ष की तुलना में वर्तमान लक्ष्य की प्राप्ति की जानकारी ली। स्वच्छ भारत अभियान, एनआरएलएम राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन योजना अंतर्गत अब तक की प्रगति की जानकारी ली। सांसद श्रीमती साय ने कहा कि जल जीवन मिशन अत्यंत महत्वपूर्ण योजना है इसमें प्रत्येक घरों तक नलों के माध्यम से स्वच्छ जलापूर्ति किया जाना है इस कार्य में गुणवत्ता व समय-सीमा का पूरा ध्यान रखें। उन्होंने दूर बसाहट वाली जगहों में सौर ऊर्जा के माध्यम से जलापूर्ति का काम सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने रायगढ़ से घरघोड़ा व धरमजयगढ़ सड़क मार्ग की उन्नयन के बारे में जानकारी ली। पी.डब्ल्यूडी के अधिकारी ने बताया कि जामपाली से घरघोड़ा तक 19 कि.मी.के लिए 42 करोड़ की राशि मिल चुकी है। साथ ही रायगढ़ से घरघोड़ा मार्ग के लिए 93 करोड़ रुपए का प्रस्ताव तैयार कर भेजा गया है। जिसकी अंतिम स्वीकृति भी जल्द मिलने जा रही है। जिसके पश्चात कार्य शुरू किया जाएगा। उन्होंने पूरी गुणवत्ता के साथ सड़क निर्माण कार्य जल्द करने के निर्देश दिए। उन्होंने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना (गैस कनेक्शन), प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, राष्ट्रीय बागवानी मिशन, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण ज्योति योजना और प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के खनिज विकास निधि से जिले में किये गये कार्यों की प्रगति की भी विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने कोविड वैक्सीनेशन व आगामी संभावित लहर से निपटने की गई तैयारियों की समीक्षा की।

बैठक में कलेक्टर भीम सिंह ने बताया कि खनिज न्यास निधि से मुख्यतः स्वास्थ्य, शिक्षा व सुपोषण के लिए कार्य किया जा रहा है। जिले में पिछले एक साल में कुपोषण दर में 10 प्रतिशत की कमी आयी है। इसी प्रकार स्वास्थ्य के क्षेत्र में सभी सीएचसी को अपग्रेड किया जा रहा है। धरमजयगढ़ सीएचसी को मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल के रूप में उन्नयन किया जा रहा है। वहां स्पेशलिस्ट डॉक्टरों की पोस्टिंग की जाएगी। जिससे धरमजयगढ़ के साथ आसपास के ग्रामीण इलाकों के लोगों को वहां बेहतर इलाज की सुविधाएं मिल सके। साथ ही सभी विकासखण्डों में पोषण पुनर्वास केन्द्र बनाए जा रहे है। इसके साथ ही ग्रामीण आजीविका संवर्धन की दिशा में व्यापक कार्य किये जा रहे है। इसी के साथ कोविड वैक्सीनेशन में भी रायगढ़ जिला अग्रणी रहा है। प्रदेश में सबसे पहले शत-प्रतिशत लक्ष्य के अनुसार पहली डोज लगाई जा चुकी है। दूसरी डोज लगाने का काम भी तेजी से हो रहा है। उन्होंने आगे बताया कि महिलाओं में माहवारी स्वच्छता को बढ़ावा देने पावना अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत गांवों में स्वच्छता सखी नियुक्त की गई है, जो महिलाओं को माहवारी के संबंध में जागरूक करने के साथ ही सेनेटरी नेपकिन उपलब्ध करायेगी। इसके लिए धरमजयगढ़ के खम्हार में सेनेटरी नेपकिन प्रोडक्शन यूनिट लगाया गया है जिसका संचालन महिला समूह द्वारा किया जा रहा है।

बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल, महापौर श्रीमती जानकी काटजू, समिति के सदस्य और सीईओ जिला पंचायत डॉ.रवि मित्तल, सीएमएचओ डॉ. एस.एन. केशरी, सहित कृषि, उद्यानिकी, जिला पंचायत तथा संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## वनांचल क्षेत्र में सड़क निर्माण से मिलने लगी बुनियादी सुविधाएं

**» नारायणपुर में पहाड़ों को काटकर बनाया गया सड़क मार्ग**

**रायपुर (आरएनएस)।** नक्सल क्षेत्र में गिना जाने वाला बस्तर संभाग विकास की मुख्यधारा से जुड़कर अपनी पहचान बदल रहा है। यहां पर चलाई जाने वाली तमाम सरकारी योजनाओं के बेहतर क्रियान्यवन से आम लोगों के जीवन में बदलाव आ रहा है। दूरस्थ वनांचल क्षेत्रों में हो रहे सड़क निर्माण ने लोगों की राह आसान की है। इसी कड़ी में नारायणपुर जिले से 50 किलोमीटर दूर पहाड़ों से घिरे ग्राम पंचायत टेमरूगांव में पहाड़ों को काटकर सड़क का निर्माण किया गया है। इस सड़क के बन जाने से ग्रामीणों को अब शिक्षा, स्वास्थ्य, आवागमन एवं खाद्यान्न की बुनियादी सुविधाएं मिलने में दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ता हैं। इससे सरकार के प्रति लोगों का विश्वास बढ़ा है। पहले इस ग्राम पंचायत के लोगों को बुनियादी सुविधाएं मिलने में काफी परेशानी होती थी। नारायणपुर जिला प्रशासन ने इस पर संज्ञान लेते हुए कन्हारगांव से टेमरूगांव 8 किलोमीटर और टेमरूगांव से तोयमेटा तक 7 किलोमीटर पक्की सड़क का निर्माण करवाया। पहाड़ो से घिरे ग्राम पंचायत टेमरूगांव के अंतर्गत 2 गाँवों में 6 पारा-टोले हैं।

यहां लगभग 200 परिवार निवास करते हैं। सड़क निर्माण के पूर्व गांवों में रहने वाले लोग बहुत कठिन परिस्थितियों में जीवन गुजारते थे। पहले जहां गांव में पहुंचने के लिए पैदल चलना मुश्किल था, अब वहां सड़क है, बिजली है, उचित मूल्य की दुकान, साफ पीने का पानी है, स्कूल है और स्कूल में शिक्षक हैं। स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ-साथ एम्बुलेंस और अन्य बुनियादी सुविधाएं गांवों तक पहुंच रही है।

## घर घुसकर बालिका से छेड़खानी करने वाला युवक गया जेल

**» अन्य मामले में कोतवाली पुलिस ने घर घुसकर मारपीट करने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार**



**रायगढ़।** दिनांक 06/09/2021 को थाना लैलूंगा में नाबालिग बालिका (17 साल) परिजनों के साथ थाना आकर आजाद यादव और कृष्णा यादव घर घुसकर छेड़खानी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई। पीड़िता बताई कि दिनांक 05/09/2021 की रात्रि अपनी छोटी बहन के साथ कमरा अंदर सो रही थी, रात्रि करीबन 12/45 बजे आजाद यादव एवं कृष्णा यादव दोनो घर घुसकर हाथ बाह पकडने लगे। तब दोनो बहने शोर मचाये। दोनों घर से भाग गये, हल्ला सुनकर पडोस के लोग घर आये तो उन्हें घटना बताई। लैलूंगा पुलिस द्वारा पीड़िता के रिपोर्ट पर दोनों आरोपियों के विरूद्ध अप.क्र. 257/2021 धारा 457, 354, 354(क),34 ताहि, 8 पाक्सो एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी के लिये थाना प्रभारी लैलूंगा निरीक्षक रूपनारायण साय के नेतृत्व में पुलिस पार्टी द्वारा आरोपियों के ठिकानों पर दबिश दिया गया, जिसमें एक आरोपी आजाद यादव पिता राम कुमार यादव उम्र 19 साल निवासी इंदिरानगर फोकटपारा थाना लैलूंगा को गिरफ्तार किया गया, जिसे आज रिमांड पर भेजा गया है। आरोपी कृष्णा यादव फरार है, जिसकी पतासाजी की जा रही है।

कोतवाली पुलिस द्वारा पड़ोसी के घर घुसकर मारपीट करने वाले आरोपी प्रदीप कर्ष पिता सोहन कर्ष उम्र 22 वर्ष को निवासी बावली कुंवा बैकुण्ठपुर रायगढ़ अजामनती धाराओं में गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है। रिपोर्टकर्ता सुनीत कुमार बनर्जी (उम्र 56 वर्ष) द्वारा दिनांक 06/09/2021 को रिपोर्ट दर्ज कराया गया था कि दिनांक 06/09/2021 के रात्रि करीबन 12.30 बजे प्रदीप कर्ष पूर्व विवाद पर घर के दरवाजे को लात मारकर गन्दी गन्दी गाली गलौच कर रहा था जिसे मना किये तो घर अंदर घुसकर घर परिवार के लोगों के साथ मारपीट किया। रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध अप.क्र. 1266/2021 धारा 458,294,506,323 आईपीसी दर्ज किया गया, फरार आरोपी को आज दिनांक को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

## गणेशोत्सव के संबंध में कलेक्टर भीम सिंह ने जारी किया आदेश

**रायगढ़।** कलेक्टर भीम सिंह ने नोवेल कोरोना वायरस के संक्रमण के नियंत्रण एवं रोकथाम को दृष्टिगत रखते हुए गणेशोत्सव के संबंध में आदेश जारी किया है। जिसके तहत मूर्ति की अधिकतम ऊंचाई 8 फीट होगी परंतु पी.ओ.पी.(प्लास्टर ऑफ पेरिस)से निर्मित मूर्ति की बिक्री एवं स्थापित किया जाना प्रतिबंधित रहेगा। मूर्ति स्थापना वाले पंडाल का आकार 15 गुणा 15 फिट से अधिक न हो। पंडाल के सामने कम से कम 500 वर्ग फिट की खुली जगह हो। पंडाल एवं सामने 500 वर्गफीट की खुली जगह में कोई भी सड़क अथवा गली का हिस्सा प्रभावित नहीं होनी चाहिए। मंडप/पंडाल के सामने दर्शकों के बैठने हेतु पृथक से पंडाल न हो, दर्शको एवं आयोजकों के बैठने हेतु कुर्सी नहीं लगाये। किसी भी एक समय में मंडप एवं सामने मिलाकर 50 व्यक्ति से अधिक न हो। मूर्ति दर्शन अथवा पूजा में शामिल होने वाला कोई भी व्यक्ति बिना मास्क के नहीं जायेगा, ऐसा पाये जाने पर संबंधित एवं समिति के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। मूर्ति स्थापित करने वाले व्यक्ति अथवा समिति एक रजिस्टर संधारित करेगी जिसमें दर्शन हेतु आने वाले सभी व्यक्तियों का नाम, पता, मोबाइल नंबर दर्ज किया जाएगा ताकि उनमें से कोई भी व्यक्ति कोरोना संक्रमित होने पर कांटेक्ट ट्रेसिंग किया जा सके। मूर्ति स्थापित करने वाले व्यक्ति अथवा समिति द्वारा सेनेटाइजर, थर्मल स्क्रीनिंग, ऑक्सीमीटर, हैण्डवाश एवं क्यू मैनेजमेंट सिस्टम की व्यवस्था की जाएगी। थर्मल स्क्रीनिग में बुखार पाये जाने अथवा कोरोना संबंधित कोई भी सामान्य या विशेष लक्षण पाये जाने पर पंडाल में प्रवेश नहीं देने की जिम्मेदारी समिति की होगी।

व्यक्ति अथवा समिति द्वारा फिजिकल डिस्टेसिंग आगमन एवं प्रस्थान की पृथक से व्यवस्था बांस-बल्ली से बेरिकेटिंग कराकर कराया जाएगा। कंटेनमेंट जोन में मूर्ति स्थापना की अनुमति नहीं होगी। यदि पूजा की अवधि के दौरान भी उपरोक्त क्षेत्र कंटेनमेंट क्षेत्र घोषित हो जाता है तो तत्काल पूजा समाप्त करनी होगी। मूर्ति स्थापना के दौरान, विसर्जन के समय अथवा विसर्जन के पश्चात किसी भी प्रकार के भोज, भंडारा, जगराता अथवा सांस्कृतिक कार्यक्रम करने की अनुमति नहीं होगी। ध्वनि विस्तार यंत्र, धुमाल तथा डीजे बजाने की अनुमति नियत स्थल पर ही होगी। मूर्ति आगमन एवं विसर्जन के दौरान ध्वनि विस्तारक यंत्र, धुमाल तथा डीजे बजाने की अनुमति नहीं होगी। मूर्ति स्थापना एवं विसर्जन के दौरान प्रसाद, चरणामृत या कोई भी खाद्य एवं पेय पदार्थ वितरण की अनुमति नहीं होगी। मूर्ति विसर्जन के लिए एक से अधिक वाहन की अनुमति नहीं होगी एवं मूर्ति विसर्जन के लिए पिकअप, टाटाएस (छोटा हाथी)से बड़े वाहन का उपयोग प्रतिबंधित होगा। मूर्ति विसर्जन के वाहन में किसी भी प्रकार के अतिरिक्त साज-सज्जा, झांकी की अनुमति नहीं होगी। मूर्ति विसर्जन के लिए 4 से अधिक व्यक्ति नहीं जा सकेंगे एवं वे मूर्ति के वाहन में ही बैठेंगे। पृथक से वाहन ले जाने की अनुमति नहीं होग। मूर्ति विसर्जन के लिए प्रयुक्त वाहन पंडाल से लेकर विसर्जन स्थल तक रास्ते में कही रोकने की अनुमति नहीं होगी। छोटी मूर्तियों का विसर्जन यथासंभव घरों पर ही किया जाये एवं बड़ी मूर्तियों एवं पूजन सामग्रियों का विसर्जन नगर पालिक निगम, रायगढ़ द्वारा निर्धारित विसर्जन कुंड में ही किया जाए। विसर्जन के लिए नगर निगम द्वारा निर्धारित रूट मार्ग एवं तिथि एवं समय का पालन करना होगा। विसर्जन के मार्ग में कही भी स्वागत, भंडारा, प्रसाद वितरण पंडाल लगाने की अनुमति नहीं होगी। सूर्यास्त के पश्चात एवं सूर्योदय के पहले मूर्ति विसर्जन के किसी भी प्रक्रिया की अनुमति नहीं होगी। उपरोक्त शर्तो के साथ घरों में मूर्ति स्थापित करने की अनुमति होगी। घर से बाहर परिसर के अंदर या सार्वजनिक स्थान पर मूर्ति स्थापित की जाती है तो कम से कम 3 दिवस पूर्व संबंधित अनुविभागीय अधिकारी (रा)कार्यालय में निर्धारित शपथ पत्र मय आवेदन देना होगा एवं अनुमति प्राप्त होने के उपरांत ही मूर्ति स्थापित की जा सकेगी किन्तु यह अनुमति किसी भी ऐसे स्थान पर प्रदान नहीं की जायेगी जिससे सार्वजनिक निस्तार या यातायात बाधित होने की संभावना हो। इन सभी शर्तो के अतिरिक्त भारत सरकार, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, छत्तीसगढ़ शासन, स्वास्थ्य एवं कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ शासन, सामान्य प्रशासन विभाग तथा जिला प्रशासन, रायगढ़ द्वारा समय-समय पर जारी निर्देश/आदेश का पालन अनिवार्य रूप से किया जाना होगा। यह निर्देश तत्काल प्रभाावशील होगा तथा निर्देश के उल्लंघन करने पर एपीडेमिक डिसीज एक्ट एवं विधि अनुकूल अन्य धाराओं के तहत कठोर कार्यवाही की जाएगी।

### फटाका लाइसेंस बनवाने के लिए 23 तक आवेदन आमंत्रित

**कोरबा (आरएनएस)।** दीपावली पर्व को ध्यान में रखते हुए अस्थायी फटाका लाइसेंस बनवाने के लिए आवेदन आमंत्रित किया गया है। फटाका लाइसेंस बनवाने के लिए इच्छुक आवेदक 23 सितंबर 2021 तक लोक सेवा केन्द्र में अपना आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। आवेदकों को लाइसेंस के लिए 600 रूपए का चालान जमा करना होगा। आवेदक को आवेदन के साथ साइट मैप और स्वयं का पासपोर्ट आकार का कलर फेटो के साथ फेटो युक्त परिचय पत्र भी जमा करना अनिवार्य होगा। विलंब से प्राप्त आवेदन नहीं स्वीकार किए जाएंगे।

## बिलासपुर रेलवे स्टेशन में बड़ी रेल दुर्घटना टली, दो स्टेशन मास्टर हुए सस्पेंड



**रायपुर (आरएनएस)।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे अंतर्गत बिलासपुर रेलवे स्टेशन में एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। इस मामले में रेलवे ने दो स्टेशन मास्टर को सस्पेंड कर दिया गया है।

रेलवे सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक रायगढ़-गोंदिया झारसुगड़ा पैसेंजर मंगलवार को दोपहर बिलासपुर रेलवे स्टेशन पर ही भयंकर दुर्घटना होने से बची। उसे जिस प्लेटफार्म पर आने का सिग्नल दिया गया था उस प्लेटफार्म पर पहले से छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस का खाली रैक खड़ी थी। ऐसा आरआरआई केबिन के स्टेशन मास्टरों की लापरवाही की वजह से हुआ है जिसके कारण देर रात जांच के बाद डीके स्वर्णकार और केके सिन्हा की लापरवाही सामने आई, उन्हें तत्काल सस्पेंड कर दिया गया है. वहीं कंट्रोलिंग वाले स्टेशन मास्टर राघव राव से भी पूछताछ की जा रही है।

बताया गया कि दोपहर करीब 1.20 बजे रायगढ़ से झारसुगड़ा जाने वाली जेडी पैसेंजर बिलासपुर आ रही थी. उसे 4 नंबर प्लेटफार्म पर लिए जाने की सूचना ट्रेन के लोको पायलट को दी गई थी. चुचुहियापारा ओवरब्रिज से पहले होम सिग्नल पार करते ही ट्रेन ने पटरी चेंज की तो लोको पायलट को आशंका हुई कि ट्रेन गलत ट्रैक पर जा रही है. उसने तत्काल ट्रेन रोकी और बिलासपुर के स्टेशन मास्टर को इसकी सूचना दी। सूचना आरआरआई केबिन को भी दी गई. जेडी पैसेंजर ट्रैक बदलकर जिस ट्रैक पर आ रही थी वह प्लेटफार्म नंबर पांच वाली ट्रैक थी और उस पर पहले से छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस की खाली रैक खड़ी हुई थी. इसकी सूचना मिलते ही स्टेशन में हड़कंप मच गया. स्टेशन मास्टर तत्काल अन्य अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचे और ट्रेन को पीछे कराया और आरआरआई केबिन को सूचना देकर पाइंट लाइन सही कराई. इस बीच शंटर को सूचना देकर 5 नंबर प्लेटफार्म पर खड़ी छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस की खाली रैक को कोचिंग डिपो रवाना किया.

## डेंगू-मलेरिया को रोकने को निगम का स्वास्थ्य अमला सजग

**» डेंगू की रोकथाम के लिए सफाई जरूरी : महापौर**



**रायगढ़।** डेंगू की रोकथाम के लिए पूरे जिले में विविध कार्यक्रम के साथ साफ-सफाई पर जोर दिया जा रहा है। ऐसा नहीं है कि डेंगू के मामले नहीं मिले हैं लेकिन जितने भी मामले आए हैं वह लोग कहीं बाहर से आए हैं इस बात से स्वास्थ्य अमले को थोड़ी सी राहत है लेकिन वह अपनी तैयारियों में थोड़ी सी भी कमी नहीं कर रहा है। सुबह 4 बजे से निगम का सफाई अमला शहर के सभी 48 वार्डों में सफाई कार्य में जुट जाता है। काम में कोताही न हो इसलिए स्वास्थ्य प्रभारी से लेकर महापौर और आयुक्त इसका जायजा लेने खुद सुबह निकलते हैं। नगर निगम द्वारा डेंगू की रोकथाम के लिए बैनर पोस्टर भी वार्डों में लगवाएं हैं। मितानिन और नर्सें घर-घर जाकर लोगों को जागरूक कर रही हैं और बाकायदा डेंगू के मरीजों और उनके आसपास के इलाकों की मॉनिटरिंग भी कर रही हैं।

महापौर जानकी काटजू कहती हैं, डेंगू रोकथाम के लिए निगम की ओर से मैराथन प्रयास किये जा रहे हैं। मैं खुद हर सुबह वार्डों में सफाई देखने के लिए जाती हूं। ज्यादातर समय हमारे साथ निगम आयुक्त एस जयवर्धन भी रहते हैं। अभी तक मैंने दो दर्जन से अधिक वार्डों का दौरा कर लिया है। लोगों से अपील है कि वह अपने घर के आसपास पानी जमा होने ने दें। कूलर इत्यादि को साफ रखें। मच्छरों से बचने का एकमात्र उपाय मच्छरदानी है तो इसका अधिक से अधिक प्रयोग करें। क्योंकि डेंगू की बीमारी तब फैलती है जब मच्छर किसी स्वस्थ व्यक्ति को काटता है और वायरस व्यक्ति के रक्तप्रवाह के जरिये फैलता है।

निगम के सफाई दारोगा अरविंद द्विवेदी बताते हैं, बरसात के मध्य का वक्त है ऐसे में डेंगू-मलेरिया होने का खतरा बना रहता है। जहां लार्वा दिखता है वहां टेमिफास्ट का घोल, जला मोबिल डालकर लार्वा को समाप्त करते हैं फिर पानी को जमीन में डाल देते हैं। पानी के जमाव को नहीं होने देना हमारी प्राथमिकता है। मेलाथियान ऑयल और पाउडर की छिड़काव हम बराबर कर रहे हैं। रूटीन साफ-सफाई जारी है।

**स्वच्छता दूत होंगे तैनात : संजय देवांगन–** नगर निगम के स्वास्थ्य मंत्री संजय देवांगन बताते हैं, जानकारी के अभाव में भी लोग डेंगू बुखार की चपेट में आ जाते हैं। लोगों में जागरूकता लाने के लिए हमारी स्वच्छता दूत बनाने की योजना तैयार की है। सभी पार्षदों को उनके क्षेत्र में जागरूक लोगों को स्वच्छता दूत बनाने के लिए कहा गया है। आगामी दिनों में जिला स्वास्थ्य विभाग के साथ मिलकर हम डेंगू के रोकथाम के लिए और वृहत साझा कार्यक्रम तैयार करेंगे। फिलहाल जिन जगहों में पानी निस्तारी की समस्या आ रही है वहां हम 20 से 25 लोगों का ग्रुप बनाकर पानी को साफ करवा रहे हैं किसी भी सूरत में पानी को जमा होने नहीं दिया जा रहा है। निगम के पदाधिकारी और स्वास्थ्य अमला डेंगू-मलेरिया के रोकथाम के लिए मुस्तैद है।

**डॉक्टर से जरूर परामर्श लें : डॉ. बहिदार** –स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टर राघवेंद्र बहिदार बताते हैं, ÷अगर आप डेंगू बुखार की चपेट में आ गए हैं, तो जितना हो सके आराम करें। खुद का ध्यान दें और शरीर में पानी की कमी न होने दें। समय-समय पर पानी लगातार पीते रहें। मच्छरों से बचाव करना बेहद आवश्यक है। इसके लिए सोते समय मच्छरदानी लगाकर सोएं और दिन में भी पूरी बांह के कपड़े पहनें, ताकि मच्छर न काट सके। बुखार बढ़ने पर कुछ घंटों में पैरासिटामॉल लेकर, बुखार पर नियंत्रण रखें। किसी भी स्थिति में डिस्प्रिन या एस्प्रिन जैसी दवाइयां बिल्कुल न लें। जल चिकित्सा के माध्यम से भी शरीर का तापमान नियंत्रित किया जा सकता है। इससे बुखार नियंत्रण में रहेगा।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480